**C.B.S.E**

**कक्षा : 10**

**विषय : हिंदी A**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**सामान्य निर्देश:**

**1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग, और घ।**

**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।**

**4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।**

**5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।**

**6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।**

## खंड - क

## [अपठित अंश]

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(2×4=8) (1×2=2) [10]

एक समय की बात एक गाँव में एक कुम्हार रहता था। एक दिन नशे की हालत में वह एक घड़े पर गिर गया और उसके माथे पर एक घाव लग गया। चिकित्सा के बाद भी उसके माथे पर एक निशान रह गया। कुछ समय के पश्चात देश में अकाल पड़ा और कुम्हार नौकरी की तलाश में अन्य देश में गया। राजा के महल में एक नौकरी मिल गई। राजा ने निशान देखकर सोचा कि कुम्हार एक अच्छा योद्धा रहा होगा। राजा उसे अतिरिक्त सम्मान देना शुरू कर दिया। एक दिन दुश्मन राज्य ने राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ा। राजा ने कुम्हार को अपनी सेना का नेतृत्व करने कहा, तब कुम्हार ने कहा मैं योद्धा नहीं था और निशान के बारे में कहानी बताई। राजा अपने अज्ञान के लिए शर्मिंदा थे।

1. कुम्हार को घाव कैसे लग गया?
2. कुम्हार अन्य देश क्यों गया?
3. कुम्हार को राजा के महल में कौन-सी नौकरी मिली? क्यों?
4. राजा ने कुम्हार को अतिरिक्त सम्मान देना क्यों शुरू कर दिया?
5. आपको यह गद्यांश पढ़कर क्या सीख मिलती है?
6. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

## खंड - ख

## [व्यावहारिक व्याकरण]

प्र.2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। (1x4=4)

1. मेरे कमरे में एक पुरानी घड़ी है। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।)
2. वह बाजार गया, क्योंकि उसे पुस्तकें खरीदनी थीं। (रचना की दृष्टि से वाक्य का प्रकार बताइए।)
3. सुबह हुई और मंदिर की घंटी बजने लगी। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।)
4. माता जी ने शीला को एक साड़ी दी। (रचना की दृष्टि से वाक्य का प्रकार बताइए।)

प्र. 3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का परिचय दीजिए। (1x4=4)

1. श्रेष्ठा अभी <u>नौंवी</u> कक्षा में है।
2. राम <u>पुस्तक</u> पढ़ेगा।
3. वह <u>नित्य</u> घूमने जाता है।
4. माँ ने <u>उसे</u> बहुत मारा।

प्र. 4. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए। (1x4=4)

1. सिपाही ने चोर को पकड़ा। (कर्मवाच्य)

2. लड़कों द्वारा पतंग उड़ाई जा रही है। (कर्तृवाच्य)
3. मैंने खाना खाया। (कर्मवाच्य)
4. वह चलती नहीं। (भाववाच्य)

प्र.5. निम्नलिखित काव्यांशों में प्रयुक्त रस पहचानिए। (1x4=4)

1. अँसुवन जल सिंची-सिंची प्रेम-बेलि बोई
   मीरा की लगन लागी, होनी हो सो होई
2. सीस पर गंगा हँसे, भुजनि भुजंगा हँसैं,
   हास ही को दंगा भयो नंगा केविवाह में। (पद्माकर)
3. 'शोक' किस रस का स्थायी भाव है?
4. 'रौद्र रस' का स्थायी भाव क्या है?

## खंड - ग

## [पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक]

प्र. 6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×2=6)

इसने उन्हें यश और प्रतिष्ठा तो बहुत दी, पर अर्थ नहीं और शायद गिरती आर्थिक स्थिति ने ही उनके व्यक्तित्व के सारे सकारात्मक पहलुओं को निचोड़ना शुरू कर दिया। सिकुड़ती आर्थिक स्थिति के कारण और अधिक विस्फारित उनका अहं उन्हें इस बात तक की अनुमति नहीं देता था कि वे कम-से-कम अपने बच्चों को तो अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाएँ। नवाबी आदतें, अधूरी महत्वकांक्षाएँ, हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर सरकते चले जाने की यातना क्रोध बनकर हमेशा माँ को कँपाती-थरथराती रहती थीं। अपनों के हाथों विश्वासघात की जाने कैसी गहरी चोटें होंगी वे जिन्होंने आँख मूँदकर सबका विश्वास करने वाले पिता को बाद के

दिनों में इतना शक्की बना दिया था कि जब-तब हम लोग भी उसकी चपेट में आते ही रहते।

(क) मन्नू भंडारी के पिता की गिरती आर्थिक स्थिति का उन पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ख) पहले इन्दौर में उनकी आर्थिक स्थिति कैसी रही होगी?

(ग) मन्नू के पिता का स्वभाव शक्की क्यों हो गया था?

प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए। (2x4=8)

1. खेतीबारी से जुड़े गृहस्थ बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे?
2. फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी?
3. बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया है?
4. नवाब साहब ने बहुत ही यत्न से खीरा काटा, नमक-मिर्च बुरका, अंततः सूँघकर ही खिड़की से बाहर फेंक दिया। उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा? उनका ऐसा करना उनके कैसे स्वभाव को इंगित करता है?
5. शहर के मुख्य बाज़ार में प्रतिमा किसने लगवाईं थी और उस प्रतिमा की क्या विशेषता थी?

प्र.8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (2×3=6)

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज़ सुंदर कमजोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य

या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज़ में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से

निम्नलिखित पदयांशों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. मुख्य गायक की आवाज तथा संगतकार की आवाज में क्या अंतर है?
2. मुख्य गायक के लिए संगतकार की क्या उपयोगिता है?
3. मुख्य गायक का साथ देने वाले कौन लोग हो सकते हैं?

प्र. 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए। (2x4=8)

1. स्वयंवर स्थल पर शिव धनुष तोड़ने वाले को परशुराम ने किस प्रकार धमकाया?
2. गोपियाँ कृष्ण को 'हारिल की लकड़ी' क्यों कहती है?
3. कविता का शीर्षक उत्साह क्यों रखा गया है?
4. 'कन्यादान' कविता की माँ परंपरागत माँ से भिन्न किस प्रकार से है?
5. 'छाया मत छूना' कविता में कवि ने छाया को छूने से मना क्यों किया हैं?

प्र.10. निम्नलिखित पूरक पुस्तिका के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। [3×2=6]

1. 'आप चैन कि नींद सो सके इसीलिए तो हम यहाँ पहरा दें रहा है' - एक फौजी के इस कथन पर जीवन-मूल्यों कि दृष्टि से चर्चा कीजिए।
2. जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुन: लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किए?
3. भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?

## खंड - घ

## [लेखन]

प्र. 11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए। [10]

- ग्लोबल वॉर्मिंग (भूमंडलीय ऊष्मीकरण)
- मित्रता

प्र. 12. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लेखन करें। [5]

1. बीमारी के कारण परीक्षा न दे सकने पर प्रधानाचार्य को चिकित्सा-अवकाश के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए।

अथवा

2. रुपये मँगवाने के लिए पिताजी को पत्र लिखिए।

प्र. 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 25 से 30 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। [5]

1. ठंड के किए प्रयोग किए जानेवाले गरम कपड़ों के लिए विज्ञापन बनाइए।
2. चायपत्ती के लिए विज्ञापन बनाइए।